amarujala.com

नई दिल्ली | शनिवार, 15 जून 2019

नोएडा एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशनों के नाम गांवों पर रखें जाएं

जेवर व नोएडा विधायक ने सीएम के सामने रखा प्रस्ताव

ग्रेटर नोएडा। नोएडा एयरपोर्ट मेट्रो के स्टेशनों के नाम आसपास के गांवों के नामों पर रखने का प्रस्ताव जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह व नोएडा के विधायक पंकज सिंह ने शुक्रवार को आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री समक्ष रखा। दोनों विधायकों ने कहा कि गांवों के नाम पर मेट्रो स्टेशन का नाम रखने से गांवों का अस्तित्व बना रहेगा।

दरअसल, नॉलेज पार्क टू से नोएडा एयरपोर्ट टर्मिनल मेट्रो का निर्माण होना है, ताकि एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी बेहतर हो सके। इस रूट पर 2020 में निर्माण शुरू होना है। इसे पांच साल में बनाने का लक्ष्य है। करीब 35 किलोमीटर लंबे मेट्रो ट्रैक के निर्माण पर 5708 करोड़ रुपये खर्च होने का आकलन है। इस रूट पर कुल 25 मेट्रो स्टेशन प्रस्तावित हैं। इसकी फिजिबिलिटी रिपोर्ट बन चुकी है। इस लाइन पर दो तरह की मेट्रो सेवाएं मुहैया कराई जाएंगी। एक मेट्रो सभी स्टेशनों पर रुकते हुए जाएगी और दूसरी कुछ चुनिंदा स्टेशनों पर ही रुकेगी। यह एक्सप्रेस लाइन होगी। शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में तीनों प्राधिकरणों की समीक्षा बैठक में जेवर व नोएडा विधायक ने सभी 25 मेट्रो स्टेशन का नाम गांवों के नाम पर रखने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। मुख्यमंत्री ने सुझाए गए प्रस्तावों की सराहना की और इसे लागू करने का आश्वासन दिया। ब्यूरो